Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide financial assistance to people affected due to Cyclone Tauktae (TauTe) in Gujarat particularly in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): हाल ही में चक्रवाती तूफान तौक-ते (ताउ ते) एवं मूसलाधार बारिश और तूफान के कारण पूरे गुजरात प्रदेश में विशेषकर अमरेली जिले में भारी तबाही हुई है । करीब 150 किलोमीटर प्रति-घंटे की रफ्तार से तूफान होने के कारण गांवों में बड़े बड़े पेड़ उखड कर गिर गए और कई घर इसकी चपेट में आ गए और कच्चे मकान जो टिन –छप्पर से बने हुए थे, वे आंधी में उड़ गए । लगातार बारिश के कारण किसानों के खेत खड्ढे में तब्दील हो गए, गाँव की सड़कें बह गई, किसानों के पशुधन एवं पूरी की पूरी फसल बर्बाद हो गए । गांवों में बिजली के खम्भे गिर गए जिसके कारण पूरे इलाके में कई दिनों तक बिजली सेवाएं ठप्प रही । लोगों को अँधेरे में गुजारा करना पड़ा I तूफ़ान एवं भारी बारिश के कारण गांव-कस्बों को जोड़ने वाली सड़कें खराब हो गईं । इस कारण मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के निवासियों को भारी जान माल के नुक्सान को झेलना पड़ा है । यह मार इतनी बड़ी है कि इससे लोगों को उबर पाना बहुत मुश्किल हो गया है I अमरेली एक तटीय क्षेत्र होने के कारण तटीय इलाके के नजदीक वाले गांवों में कई-कई फीट तक पानी भर गया जिसके कारण पूरे गाँव की गलियां कीचड़ में तब्दील हो गई और विशेषकर मछली पकड़ने वाले लोगों की स्थिति दयनीय हो गई । वहां मछुआरे अपने रोजी रोटी हेतु ऋण लेकर नाव खरीदते हैं और अपना जीविकोपार्जन करते है और इस चक्रवाती तूफान में मछुआरों की नावें बह गईं जिसके कारण वे लोग वेरोजगार हो गए है लेकिन बैंको की किश्त चालू है I अतः मेरा सम्बंधित विभाग अथवा मंत्रालय से आग्रह है कि गुजरात राज्य के विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के लोगों को हुए जान माल की क्षति का आकलन कर जल्द से जल्द पूरे प्रदेश के लोगों के साथ साथ मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को आर्थिक सहायता की जाये

जिससे कि वह पूर्व की तरह अपना जीवनयापन कर पायें ।